कोरोना संकट की वजह से जारी लॉकडाउन की अवधि भले ही बढ़ने जा रही हो, लेकिन सभी मंत्रालयों को ठप पड़ी आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के निर्देश दिए प्रधानमंत्री ने

पिछले 24 घंटे में कोरोना के 909 नए मामले सामने आए, अब तक देश में कोविड–19 संक्रमण के चलते 273मौतें हुई हैं और वर्तमान में कुल 8,356 व्यक्ति महामारी से संक्रमित

पीएम मोदी ने कहा, जान भी जहान भी, कुछ छूट के साथ बढ़ सकता है लॉकडाउन, देशभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 8,356 के पार

लॉकडाउन में पुलिस ने गर्भवती को अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया

WINNER GROUP OF COMPANIES
तरक्की सुनिश्चित है.....
WINNER CREDIT CO-OPRATIVE SOCIETY LIMITED
(Regd. No.:MSCS/CR/2292/2016)
कृषि मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड एवं मान्यता प्राप्त
1.Winner Credit Co-Oprative Society | 2.Winner Pharma (Medicine) | 3.Winner Real Estate | 4.Winner Digital Media (Web & Print Media, News Channel) | 5.Winner Infrastructures | 6.Winner Health & Personal Care | 7.Winner Micro Finance (Proposed) | 8.Winner Film Devision (A Set Up In The Edug & Drama Field) | 9.Winner Lakshya Business (Direct Selling Company)
REGD. OFFICE : WINNER HOUSE, C-24, SECTOR-12 NOIDA-201301 U.P.
Contact No. : +91 8210595830. E-mail:- info@winnergroup.org, Website: www.winnergroup.org

NEWS TODAY Update
युवराज न्यूज़ टुडे
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़
newstodayupdate.in
रजि0 कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272
email: newstodaymth@gmail.com
website : newstodayupdate.in
वर्ष : 06 अंक : 07+13 तिथि : 12 अप्रैल 2020 मूल्य : नि:शुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :

कोरोना संकट की वजह से जारी लॉकडाउन की अवधि भले ही बढ़ने जा रही हो, लेकिन सभी मंत्रालयों को ठप पड़ी आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के निर्देश दिए प्रधानमंत्री ने

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ, न्यूज टुडे मीडिया समूह :

कोरोना संकट की वजह से जारी लॉकडाउन की अवधि भले ही बढ़ने जा रही हो, लेकिन अर्थव्यवस्था को गति देने का काम शुरू होने जा रहा है। सभी मंत्रालयों को ठप पड़ी आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए नए सिरे से योजना बनाने के लिए कहा गया है। शनिवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों को सोमवार से मंत्रालय का कामकाज फिर से शुरू करने के लिए कहा गया।

संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को भी सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करते हुए दफ्तर आने के निर्देश

सूत्रों के मुताबिक सरकार की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक सभी मंत्रियों के साथ संयुक्त सचिव एवं उनसे ऊपर के सभी अफसरों को भी सोमवार से मंत्रालय में अपने काम पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं। सभी मंत्रालयों में एक तिहाई आवश्यक कर्मचारियों को भी काम पर आने के लिए कहा गया है ताकि सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने के साथ मंत्रालय का कामकाज फिर से शुरू किया जा सके।

सबसे बड़ी चुनौती असंगठित क्षेत्र के ४० करोड़ लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करना

मंत्रालय इस वरीयता को भी तय करेंगे कि कौन से काम को पहले किया जाना चाहिए या और कौन सा बाद में। लॉकडाउन के बाद सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 40 करोड़ लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करना है। आर्थिक उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से शुरू कर इन लोगों की रोजी–रोटी के इंतजाम के साथ रोजाना हो रहे हजारों करोड़ों रुपए के नुकसान को भी कम करने की योजना है।

सूत्रों के मुताबिक मंत्रालयों के खुलने के बावजूद बाहरी लोगों का प्रवेश मंत्रालय और सरकारी विभागों में वर्जित होगा। सूत्रों के मुताबिक लॉकडाउन को चरणबद्ध तरीके से या पूरी तरह से खोलने पर बिल्कुल नए माहौल में आर्थिक गतिविधियों को प्रारंभ करना होगा और इसकी तैयारी पहले से रहनी चाहिए। इसके मद्देनजर ही सभी मंत्रियों को मंत्रालय में लौटने का निर्देश दिया गया है ताकि वे अपने अपने महकमे का प्लान इस चुनौती के समय प्रभावी तरीके से शुरू कर सकें।

सबसे बड़ी चुनौती असंगठित क्षेत्र के 40 करोड़ लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करना

मंत्रालय इस वरीयता को भी तय करेंगे कि कौन से काम को पहले किया जाना चाहिए या और कौन सा बाद में। लॉकडाउन के बाद सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 40 करोड़ लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करना है। आर्थिक उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से शुरू कर इन लोगों की रोजी–रोटी के इंतजाम के साथ रोजाना हो रहे हजारों करोड़ों रुपए के नुकसान को भी कम करने की योजना है।

कोविड–19 वायरस की चेन को तोड़ने के लिए पिछले 25 मार्च से लॉकडाउन जारी है जिसकी अवधि 14 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इस दौरान सभी मंत्री एवं मंत्रालय के अधिकारी घर से काम कर रहे हैं और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एक–दूसरे से संपर्क में हैं। स्वास्थ्य और गृह मंत्रालय के कुछ अधिकारी लॉकडाउन में भी बाहर निकल कर काम कर रहे हैं।

लॉकडाउन में पुलिस ने गर्भवती को अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया

आशीष राज,
स्थानीय संपादक, न्यूज टुडे

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी स्थित छतौनी पुलिस ने एक बेहतरीन इंसानियत का परिचय देते हुए इस लॉकडाउन में शनिवार को कार्य किया है। छतौनी पुलिस हमेशा जनता की रक्षा एवं सुरक्षा को लेकर हमेशा तत्पर रहती है, चाहे वह विधि व्यवस्था हो और सुरक्षा व्यवस्था यही स्थिति आज देखने को मिली है।

थानाक्षेत्र अंतर्गत खुशबू देवी जो धर्म समाज की रहने वाली हैं वह गर्भवती थी, अचानक दर्द होने पर छतौनी थानाध्यक्ष मुकेश चंद्र कुमर ने सूचना मिलते ही गश्ती टीम को धर्म समाज भेजकर गर्भवती महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया।

बताते चलें कि भारतवर्ष में कोरोना को लेकर लॉक डाउन किया गया है, जिसके कारण सवारियों का परिचालन बंद है। लोग डरे और सहमे हुए हैं। इस प्रकार छतौनी थाना के द्वारा किया गया कार्य काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय के साथ मानवता से ओतप्रोत है। अगर समय पर पुलिस नहीं पहुंच कर सदर अस्पताल पहुंचाती तो कुछ भी कहना मुश्किल था।

पश्चिम बंगाल एवं सीवान से लौटे तीन संदिग्ध मरीज सदर अस्पताल के कोरोना वार्ड में इलाज के लिये भर्ती

न्यूज टुडे टीम अपडेट : मोतिहारी, बिहार :

सदर अस्पताल में उस समय थोड़ी देर के लिये अफरातफरी का माहौल बना रहा, जब कोरोना के दो संदिग्ध मरीज अलग–अलग जगहों से लाये गये। ढाका पुलिस नेपाल से ढाका पहुंचे एक पश्चिम बंगाल के युवक को पकड़ कर कोरोना का संदिग्ध होने की आशंका में ले कर आयी। ठीक उसी समय मेडिकल टीम ने सीवान से लौट कर आये एक युवक को पीपराकोठी से पूरी तरह किट से ढक कर कोरोना वार्ड में इलाज के लिये भर्ती करवाया।
डॉ सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों को भर्ती कर दिया गया है। इसके अलावे एक अन्य को भी भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि पीपराकोठी से आया मरीज तुरकौलिया का रहने वाला है। वह 15 दिन से घर से लापता था। पंचायत के मुखिया ने बताया कि वह सीवान से लौटा है। वहीं ढाका से पुलिस के द्वारा लाये गया मरीज ने बताया कि वह बंगाल का रहने वाला है। ग्रुप के साथ नेपाल से घर के लिये निकला। ग्रुप का साथ छूटने के कारण रास्ता भटक कर ढाका पहुंच गया।

Yuvaraj Media & Entertainment's NEWS TODAY Update A National News Portal www.newstodayupdate.in

पीएम मोदी ने कहा, जान भी जहान भी, कुछ छूट के साथ बढ़ सकता है लॉकडाउन, देशभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 8,356 के पार

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, न्यूज टुडे मीडिया समूह :

कोरोना वायरस के चलते देशभर में किया गया 21 दिनों का लॉकडाउन 14 अप्रैल को खत्म हो रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ शुक्रवार को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कोरोना वायरस से लड़ने के लिए राज्य की तैयारी और लॉकडाउन पर चर्चा की। लेकिन, इस बातचीत के दौरान उन्होंने कुछ ऐसे बातें कहीं हैं जिसके बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या अब अगर 15 अप्रैल से पूरे देश में लॉकडाउन को बढ़ाया जाता है तो फिर वही सारी शर्तें रहेंगी या इसमें कुछ परिवर्तन किए जा सकते हैं?

पीएम मोदी ने कहा, जान है तो जहान है

मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''पहले हमारा मंत्रा था जान है तो जहान है, लेकिन अब मंत्र हो गया है जान भी जहान भी। जब मैंने राष्ट्र के नाम संदेश दिया था, तो प्रारंभ में बल दिया था कि हर नागरिक की जान बचाने के लिए लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंशिंग का पालन बहुत आवश्यक है। देश के अधिकतर लोगों ने बात को समझा और घरों में रहकर दायित्व निभाया।''

कुछ छूट के साथ बढ़ सकता है लॉकडाउन

ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि केंद्र सरकार कुछ छूट के साथ देशव्यापी लॉकडाउन को बढ़ा सकती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों से विभिन्न पहलुओं को लेकर विचार मांगे हैं जिसमें यह पूछा गया है कि क्या कुछ अन्य श्रेणियों के लोगों और सेवाओं को छूट दिये जाने की जरूरत है। वर्तमान लॉकडाउन में केवल आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई है।

देशभर में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 8,356 के पार

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना वायरस (कोविड –19) के 8,356 मामलों की पुष्टि हो गई है। वहीं 716 लोग ठीक हो गए हैं और 273 लोगों की मौत हो गई है। पिछले 24 घंटों में 34 मौतें और 909 नए मामले सामने आए।

इससे पहले पीएम मोदी ने बुधवार को लोकसभा एवं राज्यसभा में विपक्ष समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से कहा था कि कोरोना वायरस के कारण लागू देशव्यापी लॉकडाउन एक बार में नहीं हटाया जायेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि हर व्यक्ति के जीवन को बचाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। अधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा था कि कई राज्य, जिला प्रशासन और विशेषज्ञों ने वायरस को फैलने से रोकने के लिये लॉकडाउन को बढ़ाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा था कि देश में स्थिति 'सामाजिक आपा. तकाल जैसी है और कड़े निर्णय लेने की जरूरत है।

पिछले 24 घंटे में कोरोना के 909 नए मामले सामने आए, अब तक देश में कोविड–19 संक्रमण के चलते 273 मौतें हुई हैं और वर्तमान में कुल 8,356 व्यक्ति महामारी से संक्रमित

न्यूज टुडे टीम अपडेट : नई दिल्ली :

भारत में विदेशी नागरिकों सहित कोरोना वायरस महामारी से संक्रमित होने वालों की संख्या बढ़कर 7529 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने शनिवार को जारी आंकड़ों में कहा कि देश में कोविड–19 संक्रमण के चलते 242 मौतें हुई हैं और वर्तमान में कुल 8,356 व्यक्ति महामारी से संक्रमित हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में कोरोना के 768 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 36 लोगों को इस वायरस की वजह से अपनी जान गंवानी पड़ी है और 653 (1 माइग्रेटेड) मरीज अब तक इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं।

.युवा चिकित्सक डॉ. गोपाल कुमार सिंह जीवन रक्षक सम्मान से हुए सम्मानित

सम्राट, संवाददाता, न्यूज टुडे : मोतिहारी,

पूर्वी चंपारण जिले के बंजरीया प्रखंड के मोखलिसपुर निवासी गौतम बुद्ध दर्द उपचार क्लिनिक के निदेशक सह चंपारण समाज कल्याण मंच के संस्थापक अध्यक्ष मोतिहारी के चर्चित युवा चिकित्सक डॉ गोपाल कुमार सिंह को कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक बनाने एवं समाजिक कार्यो मे विशेष उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय हिन्दी मासिक स्वास्थय पत्रिका आरोग्य गुरु द्वारा जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

डॉ. गोपाल सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से समाज में लोगों को जानलेवा रोगों से बचाव के बारे में जागरूक बनाने मे हमेशा लगे रहते है। यहाँ बता दें कि इससे पहले चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. गोपाल कुमार सिंह को समाजिक योद्धा सम्मान एवं हेल्थ केयर अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. गोपाल को जीवन रक्षक सम्मान मिलने पर अनेक लोगों ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. मुन्ना गुप्ता, अजय सिंह, गोविन्द सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं।

मधुबन प्रखंड अंतर्गत स्वांगिया ग्राम पंचायत में एइएस,जेइ (चमकी बुखार) के प्रति आम नागरिकों में जागरूकता के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन

रिंकू गिरी, स्थानीय संवाददाता, न्यूज टुडे

पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन प्रखंड अन्तर्गत स्वांगिया ग्राम पंचायत में एइएस,जेइ (चमकी बुखार) के प्रति आम नागरिकों में जागरूकता के उद्देश्य से चौपाल का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त मौसमी बीमारियों से निपटने हेतु पर्याप्त तैयारी की गई है। जिला प्रशासन आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा रखता है।
उन्होंने बताया कि बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए आम नागरिकों से सजगता, सावधानी अपेक्षित है। एइएस,जेइ (चमकी बुखार) से बचाव हेतु यह आवश्यक है कि बच्चे धूप में न घूमेध्मूखे न रहे,अतः अभिभावक की यह जिम्मेवारी है कि वे बच्चो की सतत निगरानी करे,सावधानी बरते।यदि एइएस,जेइ (चमकी बुखार) से सम्बन्धित लक्षण प्रकट हो तो ऐसी स्थिति में तत्काल इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के नम्बर 06252242418 पर दी जाय,ताकि आवश्यकतानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सकें। जिलाधिकारी शीर्षत ने कहा कि एइएस,जेइ (चमकी बुखार) के कारण कोई क्षति न हो, इस हेतु जिला प्रशासन कृत संकल्पित है।आम नागरिकों से जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन अपेक्षित है।
उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे में लक्षण प्रकट हो तो तत्काल ग्राम पंचायत में उपलब्ध वाहन (यथा संभव मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत प्राप्त वाहन) का उपयोग करते हुए एइएसध्जेइ से प्रभावित बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराने की कारवाई की जाए। वाहन उपयोग पर हुए व्यय(अधिकतम चार सौ रुपए) की प्रतिपूर्ति जिला प्रशासन द्वारा कि जाएगी। जिलाधिकारी महोदय ने कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उद्देश्य से आम नागरिकों से घर में रहने एवं सोशल डिस्टेंस के अनिवार्य अनुपालन की अपील की है।

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए पॉस मशीन से नहीं होगा राशन का वितरण

न्यूज टुडे टीम अपडेट : मोतिहारी, बिहार :

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए पॉस मशीन से राशन का वितरण नहीं होगा। ऑफ लाइन सिस्टम से राशन का वितरण किया जाएगा। यह निर्देश वीसी के माध्यम से समीक्षा के दौरान गुरुवार संध्या खाद्य व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने दिया है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार अस्वीकृत आवेदनों की समीक्षा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान कर नया राशन कार्ड नियत समय पर निर्गत करें। सरकार लॉक डाउन अवधि में पात्र लाभुकों के बीच मुफ्त अनाज वितरण को संकल्पित है। कोरोना वायरस को लेकर पीडीएस दुकानों पर भीड़ भाड़ नहीं हो, इसके लिए शिफ्टवाइज राशन वितरण के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया।

पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने से कोरोना वायरस का खतरा बताया गया है। इसको लेकर पुराने नियम से ही डीलरों को राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। पीडीएस दुकानों पर हैंडवाश कराने की व्यवस्था अवश्य रखें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हर हाल में होना चाहिए।

डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने जिलेवासियों से कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए अपना हाथ 20 सेकंड तक साबुन से धोने व अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की।

मोतिहारी के पवन श्रीवास्तव केले की बेकार पड़ी थम्ब के फाइबर से मास्क बनाएंगे

न्यूज टुडे टीम अपडेट : मोतिहारी, बिहार :

लॉकडाउन में जहां उद्योग धंधे से लेकर सभी काम ठप पड़े हैं। ऐसे में मोतिहारी के पवन श्रीवास्तव केले की बेकार पड़ी थंब से फाइबर धागा हैट, मैट(पूजा की आसनी) और लेडिज पर्स बाजार में बना रहे हैं। उनका उत्पाद बाजार में धमाल मचा रहा है। अब वे केला फाइबर से मास्क बनाने की तैयारी में हैं। पवन आईटीआई फीटर ट्रेड व स्नातक डिग्रीधारी हैं।

पवन ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए मास्क बनाने की योजना है। मास्क में केला फाइबर व खादी वस्त्र का उपयोग होगा। इसे स्वयं सहायता समूह की सहायता से तैयार कर ज्ल्द बाजार में उतारने की तैयारी है।

पवन ने बताया कि पहले हैंडिक्राफ्ट का कार्य जानपुल, चांदमारी व आजाद नगर के स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियां करती थीं। लॉकडाउन से घर से निकलना मुश्किल है। ऐसे में वे खुद अपने निवास अंबिका नगर में केले के रेशे में रंग भरने से लेकर डिजाइन देन का काम करते हैं। आवश्यतकता पड़ने पर परिवार वाले हाथ बंटा देते हैं।

उन्होंने बताया कि फिलहाल लोकल बाजार में हैंडिक्राफ्ट सामग्री को ऑन डिमांड मुहैया कराते हैं। आगे ऑनलाइन शॉपिंग की तैयारी है। इसको लेकर कई मार्ट से संपर्क में हैं। उनके अनुसार अभी लॉक डाउन के कारण बात आगे नहीं बढ़ी है। स्थिति सामान्य होने के बाद इसको लेकर उनके स्तर से फिर पहल शुरू हो जायेगी।

टॉल प्लाजा के पास लगायी है मशीन

पवन ने चकिया टॉल प्लाजा के पास एक केले के बाग में 'बनाना फाइबर रिकॉवर मशीन लगायी है। यह मशीन भी उन्होंने खुद बनायी है। फिलहाल एक दिन में करीब सौ थंब से तीस किलो तक फाइबर धागा बन रहा है।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830